## खबर संक्षेप

### जिले में 75 प्रतिशत से ज्यादा मतदान

**बालोद।** लोकसभा चुनाव में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बालोद जिले के संजारी बालोद, डौण्डीलोहारा व गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में मतदान का अंतिम आंकड़ा जारी कर दिया गया है। जिले में कुल 75.05 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिले में सबसे ज्यादा संजारी बालोद में मतदान हुआ। जिले में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चले मतदान में कुल पुरूष 75.87 प्रतिशत, महिला 74.26 प्रतिशत, थर्ड जेंण्डर 33.33 प्रतिशत ने मतदान किया। इसमें संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र में 77.02 प्रतिशत पुरूष व 74.79 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया। यहां कुल 75.88 प्रतिशत मतदान हुआ है, डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में पुरूष 74.85 प्रतिशत, महिला 75.01 प्रतिशत कुल 74.93 प्रतिशत मतदान हुआ है, वहीं गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र में पुरूष 75.74 प्रतिशत, महिला 73.08 प्रतिशत, थर्ड जेंडर 33.33 प्रतिशत कुल 74.40 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### प्राणघातक हमला आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि शासकीय अस्पताल सुपेला में उपचार के लिए एक व्यक्ति को लाया गया था। सूचना मिलने पर सपेुला पुलिस अस्पताल पहुची। लक्ष्मी मार्केट सुपेला निवासी ओमप्रकाश राय शास्त्री अस्पताल के बाद निजी अस्पताल सुपेला रेफर किया गया है। ओमप्रकाश राय ने पुलिस को बयान दिया कि दमाद चन्द्रभूषण सिंह शराब पीकर विवाद करता है। बेटी 2 दिन से अपने मायके आई हुई है। चन्दूभषण सिंह अपने एक दोस्त के साथ घर आकर अपनी पत्नी से विवाद कर रहा था। तभी ससुर ओमप्रकाश राय के समझाने पर एयर गन से चेहरे के पास फायर किया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी पांच रास्ता निवासी रोशन निषाद को गिरफ्तार किया है। उसका दोस्त चंद्रभूषण सिंह अब भी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी के नेतृत्व में आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई थी। जिसमें एयरगन चलाने वाले चंद्रभूषण सिंह के दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन गोली चलाने वाला चंद्रभूषण पुलिस गिरफ्त से बाहर है। जिसकी तलाश में पुलिस जगह-जगह दबिश दे रही है।

**हादसा :** जिला मुख्यालय के दल्लीराजहरा चौक की घटना

# चुनाव कार्य से लौट रहे शिक्षक को अज्ञात वाहन ने ठोका, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अज्ञात वाहन की ठोकर से मतदान कार्य से लौटे रहे शिक्षक की मौत हो गई। घटना शनिवार सुबह तड़के 4 बजे जिला मुख्यालय के दल्लीराजहरा चौक की है। मिली जानकारी के अनुसार डौंडीलोहारा क्षेत्र के ग्राम पार्री निवासी शिक्षक लेखन सिंह पटेल वर्तमान में रेलवे कालोनी बालोद में रह रहे थे। वे 26 अप्रैल को मतदान केंद्र क्रमांक 38 में ड्यूटी पर थे। वे मतदान कार्य समाप्त होने के बाद देर रात तक मतदान सामग्री को ग्राम पाकुरभाट स्थित लाइवलीहुड कॉलेज (स्ट्रांग रूम) में जमा करवाने के बाद अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान सुबह लगभग 4 बजे शहर के दल्लीराजहरा चौक के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल श्री पटेल को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

**एसोसिएशन ने बीमा व मुआवजा राशि के साथ अनुकंपा नियुक्ति की मांग की-** जानकारी के अनुसार मृतक शिक्षक लेखन सिंह पटेल ग्राम तरौद के माध्यमिक शाला में पदस्थ थे। चुनाव के दौरान उनकी ड्यूटी दिव्यांग मतदान केंद्र क्रमांक 38 में थी। लोकतंत्र के महापर्व के कर्म योद्धा कर्मचारी के इस प्रकार निधन पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बालोद ने गहरा शोक व्यक्त किया है। एसोसिएशन ने निर्वाचन आयोग से निर्धारित बीमा व मुआवजा की राशि तथा उनके आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति के लिए नियमों में छूट देने की मांग की है। एसोसिएशन ने दिवंगत के कार्यरत पद पर आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति सहित अनुग्रह की राशि तत्काल प्रदान करने की मांग की है।

**खास बातें**

- पाकुरभाट के लाइवलीहुड कॉलेज स्थित स्ट्रांगरूम में मतदान सामग्री जमा कर घर लौट रहे थे
- अज्ञात वाहन की ठोकर से घायल शिक्षक को राहगीरों ने पहुंचाया अस्पताल



**इलाज के दौरान हुई मौत**



### तेज रफ्तार कार की ठोकर से बच्ची घायल

**बालोद।** दुकान से सामान खरीदकर सड़क पार कर रही सात साल की एक बच्ची को तेज रफ्तार कार ने ठोकर मार दी। घटना के बाद घायल बच्ची को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रारंभिक इलाज के बाद भिलाई रेफर कर दिया गया, जहां बच्ची का इलाज जारी है। वहीं, दुर्घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घटना बालोद–धमतरी मुख्य मार्ग स्थित ग्राम जमरूवा की है। घायल बच्ची के पिता देवेंद्र साहू ने कोतवाली थाना में लापरवाह कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार फायनेंस कम्पनी में पदस्थ कर्मचारी देवेंद्र साहू की पत्नी व बच्चे ग्राम जमरूवा अपने दादा के यहां विगत 15 दिनों से गये हैं। 25 अप्रैल को सुबह देवेंद्र की बेटी हर्षिता साहू 7 साल सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान एक कार चालक ने उसे ठोकर मार दी। दुर्घटना में हर्षिता के सिर के अलावा, कमर और दोनों पैरों के घुटने में चोट आई है। बच्ची के पिता ने बताया कि उसकी बेटी सुबह लगभग 6:30 बजे घर से रोड पार कर किराना दुकान में सामान लेने गयी थी। सामान लेकर लौटने के लिये सड़क किनारे खड़ी थी। उसी समय बालोद से धमतरी की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 05 एके 4351 का चालक तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मारकर भाग निकला। इधर घटना के बाद घायल बच्ची को जिला अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर ने घायल बच्ची को बेहतर उपचार के लिए भिलाई रेफर कर दिया।

**बच्चों को अकेले सड़क पार न करने दें-** कम से कम 10 वर्ष तक के बच्चों को अकेले सड़क पार करने या अकेले सड़क पर चलने से मना करना चाहिए। जिले में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रहा है, लोगों की जान भी जा रही है, इसकी जानकारी अखबारों व सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंच रही है, ऐसे में पालकों को जागरूक होने की आवश्यकता है और अपने घर के बच्चों को अकेले सड़क पार करने या सफर करने से रोकना चाहिए ताकि दुर्घटना से बचा जा सके। क्योंकि नन्हें बच्चों के साथ इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती है।

## बैंक कर्मचारी की धोखाधड़ी का शिकार हुआ खाताधारक

# साढ़े सात लाख पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

साइबर ठग गिरोह के झांसे में आने से सावधानी बरतने के साथ-साथ खाता धारकों को बैंक के कर्मचारियों से भी सावधान रहने और नेटबैंकिंग सहित अन्य ऑनलाइन लेनदेन में सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। ऐसा इसलिए कि हाल ही में सामने आई एक घटना में बैंक कर्मचारी ने ही खाता धारक के खाते से नेटबैंकिंग के माध्यम से लाखों रूपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। प्रार्थी की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। दरअसल साइबर ठग गिरोह फोन के माध्यम से अलग अलग तरीको से ओटीपी नम्बर पता कर लाखों रुपये ठग ले रहे हैं, लेकिन अब बैंक के कर्मचारी भी अपने खाताधारकों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला जिले के दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र का है। जहां एक खाताधारक राजेश कुमार पटेल के खाते से 7 लाख 79 हजार रुपये धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया है। दरअसल पूरा मामला जिले के दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र का है। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है। ग्राम चिखलाकसा निवासी राजेश पटेल खेती किसानी का काम करता है और उनका एचडीएफसी बैंक शाखा राजहरा में खाता खुला है, जिसमें 7,79,000 रूपये जमा था, जिसे एचडीएफसी बैंक शाखा राजहरा के कर्मचारी अनिरूद्ध भारती पिता हरेन्द्र भारती द्वारा नेट बैंकिंग के माध्यम से खाता के पैसा को अपने खाते में ट्रांसफर कर धोखाधड़ी की है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी के पिता चिंताराम पटेल शिक्षा विभाग जिला–बालोद में पदस्थ थे, जो 27 सितंबर 2023 को सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने अपनी सेवानिवृत्ति के बाद शासन द्वारा मिले 10 लाख रूपये को एचडीएफसी बैंक की राजहरा शाखा नया खाता खुलवाकर जमा करवाया था। उसके बाद एचडीएफसी बैंक शाखा राजहरा के कर्मचारी अनिरूद्ध भारती ने एचडीएफसी लाईफ इंश्योरेंस पॉलिसी तैयार की, जिसमें 4 वर्ष तक 2–2 लाख रूपये जमा करने का प्रावधान किया था, शेष रकम 7,91,000 खाता में बचा था। श्री पटेल ने उसी तारीख को 7,50,000 रूपये को तीन किस्त 2–2 लाख की तीन एफडी की। प्रथम एफडी एक वर्ष की, दूसरी दो वर्ष तथा तीसरी एफडी तीन वर्ष के लिए की। वहीं, चौथी एफडी 1,50,000 रूपये चार वर्ष के लिए करवाया था। प्रार्थी के खाते में 7,79,000 रुपए थे, जिसे बैंक कर्मचारी अनिरुद्ध भारती ने नेट बैंकिग के माध्यम से पासवर्ड बदलकर अलग-अलग समय पर सभी जमा राशि को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया है। इस मामले में राजहरा पुलिस धोखाधड़ी के आरोप में अनिरूद्ध भारती के खिलाफ धारा 406 और 420 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

- **आरोपी ने नेटबैंकिंग का पासवर्ड बदलकर अपने खाते में ट्रांसफर कर ली रकम**

# वीवीपैट व ईवीएम स्ट्रांग रूम में सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बालोद जिले में मतदान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मतदान के बाद सभी ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें आने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल और राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पाकुरभाट स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में स्ट्रांग रूम को सील किया गया।

स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। इसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि मतगणना 4 जून को होगी।

### कलेक्टर ने जताया आभार



**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद जिले के समस्त मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़–चढ़ कर भाग लेने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मतदान दल के सभी सदस्यों, अधिकारी–कर्मचारीगण, पुलिस और सुरक्षाबलों के सभी सदस्य, एन.एस.एस., स्काउट गाइड, मतदान मित्र, स्वीप की गतिविधियों से जुड़े समस्त स्वयं सेवक गण एवं मीडिया के साथियों ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को निर्विघ्न पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चन्द्रवाल ने कहा कि तेज गर्मी के बावजूद भी बड़ी संख्या में मतदाता मतदान करने अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचे। वहीं, मतदान कराने जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, उन्होंने पूरी प्रतिबद्धता के साथ मतदान सुचारू ढंग से संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली–भांति निर्वहन किया। साथ ही सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा संबंधी दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया गया। चन्द्रवाल ने निर्वाचन कार्य में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी निभाने वाले सभी लोगों के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया है।



### वोट डालने पहुंचा दूल्हा

**बालोद।** ग्राम डेगरापार में लोकसभा मतदान के दिन बेहद दूल्हा खोमन लाल कृपाल मतदान केन्द्र पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह दिखाता है कि हमारे देश में लोगों की लोकतंत्र में आस्था कितनी गहरी है।

## भीड़ में धक्का लगने पर दो युवकों की पिटाई, दबंगों पर मामला दर्ज

**बालोद।** बाजार में सब्जी खरीदने के दौरान भीड़ अधिक होने की वजह से धक्का लगने की बात को लेकर चार युवकों ने मिलकर सब्जी खरीदकर घर लौट रहे दो लोगों की पिटाई कर दी। लात घूसों व डंडे से पिटाई करने से ग्राम बघमरा निवासी लोमश देवांगन के सिर पर चोट आई है। वहीं, मारपीट करने वाले चार अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बघमरा लोमश देवांगन एवं दीपक निषाद सायकल से बुधवारी बाजार बालोद आये थे। बाजार में सब्जी खरीदने के बाद सायकल से वापस जा रहे थे। इस दौरान शीतला मंदिर पाण्डेपारा के पास पहुंचे थे कि उसी समय शाम करीबन 6 बजे पीछे से स्कूटी में दो व्यक्ति एवं बाईक में दो व्यक्ति सवार होकर आये और रास्ता रोक कर बाजार में क्यों धक्का मारा कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। वहीं, एक लड़के ने पास में पड़े डण्डे को उठाकर लोमश देवांगन के सिर पर मार दिया, जिससे सिर पर चोट आई है। वहीं, साथ आये दीपक निषाद द्वारा बीच बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। इससे उसे भी चोटें आई हैं। घटना के बाद मारपीट करने वाले युवक स्कूटी एवं बाइक चालू कर भागने लगे। इस दौरान घायल व्यक्ति ने स्कूटी के पीछे नम्बर प्लेट की फोटो खींच ली। स्कूटी का नंबर सीजी 24 एस 7180 लिखा हुआ है। मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 341,506(बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस भी जांच में जुट गई है।


NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरुआत!

GOAL Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute

आप NEET STUDENT कहां जा रहे हो, मैनें तो अपना रिजल्ट GOAL से ही बनाया हैं।



" मैं डॉक्टर मनोज चंद्राकर (MBBS-MD, Director of Chandrakar Nursing Home, Bilaspur) जब भिलाई आकर गोल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रंजीत सर से मिला था तब तत्कालीन गोल से कोचिंग कर मेरा ऑल इंडिया रैंक 283 आया था और मुझे BJ Medical College, अहमदाबाद में एडमिशन मिला था। आज मै जब भिलाई आया तो रंजीत सर की याद आई और मैं सर से मिलने गोल इंस्टीट्यूट आ गया। सर मुझे देख कर बहुत खुश हुए और विनम्रतापूर्वक अपने अंदाज में पूछा, 'आप कैसे हैं और आपका हॉस्पिटल सेवा भाव कैसा है? मैंने कहा आज पीडिया में बच्चों का डॉक्टर बन बहुत अच्छा कर रहा हूँ, फिर रंजीत सर ने कहा कि बहुत समय के बाद आए हैं तो गोल के ड्रापर NEET 2024 के Aspirant से मिल लीजिए और उन्हें प्रोत्साहित कीजिए, फिर मैं NEET-2024 Aspirant से मिला और सभी छात्रों को मोटिवेट किया। आज 'गोल' में दी गई सुविधाएं जैसे कि एसी क्लास रुम, लाइब्रेरी, 20 से ज्यादा Best Faculty टीम और हॉस्टल को देखकर बहुत अच्छा लगा। हमारे समय में इतनी व्यवस्था नही थी पर तब भी गोल संस्थान में हमारे बैच में 15 छात्र थे और सभी का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में चयन हो गया था।"

ADMISSION OPEN

FOUNDATION 11th & 12th for Board, NEET / JEE

DROPPER BATCH NEET / JEE 2025 Registration Open

GOAL FAMILY WISHING YOU All The Best for Your NEET-2024

BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100

BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999

BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100

RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711



## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100





## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल में निशुल्क कैंसर जांच शिविर आज

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर महाराष्ट्र मंडल रविवार को चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में सुबह 10 बजे से निशुल्क कैंसर जांच व परामर्श शिविर लगाने जा रहा है। यहां कोई भी व्यक्ति अपने पूरे शरीर की जांच करा सकते हैं और विशेषज्ञ डॉ. नुपूर मिश्रा से परामर्श लेकर अपना इलाज सही समय पर शुरू करा सकते हैं।

### मंडल वाणिज्य प्रबंधक बने राकेश सिंह

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक राकेश सिंह को बनाया गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर और रायपुर मंडलों में अनेक पद पर सेवाएं दे चुके हैं। पूर्व में राकेश सिंह रायपुर मंडल में सहायक परिचालन प्रबंधक, एरिया मैनेजर- भिलाई एवं स्टेशन डायरेक्टर रायपुर के पदों पर कार्यरत थे। बिलासपुर रेल मंडल में सहायक वाणिज्य प्रबंधक बिलासपुर के पद पर कार्य कर चुके हैं। स्टेशन में लगभग 3 सालों से डीसीएम पद खाली था।

### पीएससी की सीबीआई जांच से मिलेगा न्याय

**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नवगठित सरकार ने भी पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ी और युवाओं की शिकायत के मद्देनजर 3 जनवरी 2024 कैबिनेट बैठक में इस मामले की सीबीआई से जांच कराने का निर्णय लिया था। राज्य सरकार की सहमति मिलने के बाद केन्द्र सरकार ने जांच के लिए अधिसूचना जारी कर यह मामला अब सीबीआई के सुपुर्द कर दिया है। इस जांच से युवाओं को न्याय मिलेगा। श्री चौधरी ने कहा, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार के समय छत्तीसगढ़ में जो नौकरियां पीएससी में निकलती थी, उसके लिए कांग्रेसियों ने मंडी सजाई थी। भारतीय जनता पार्टी ने पीएससी भर्ती परीक्षा में धोखा खाने वाले युवाओं को न्याय दिलाने के लिए सदन से लेकर सड़कों तक लड़ाई लड़ी थी। अब इस मामले सीबीआई जांच से दूध का दूध पानी का पानी होगा।

### आचार संहिता में मेला, निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय बसस्टैंड के पास रावणभाठा दशहरा-खेल मैदान में 24 अप्रैल से मेले का आयोजन किया जा रहा है। आचार संहिता के दौरान इस मेले को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में शिकायत की गई है। तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। सूत्रों के अनुसार यह शिकायत भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा ने की है। इस शिकायत में आपत्ति के पीछे तर्क दिया गया है कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है और तीसरे चरण में रायपुर में भी 7 मई को मतदान होना है। चुनाव के दौरान आसपास के जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों की सभाएं इस मैदान में आयोजित की जाती रही हैं। यहां बसस्टैंड होने के कारण पहले ही मैदान के आसपास भीड़ की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में मैदान में मेले का आयोजन से रावणभाठा के आसपास मार्ग पर जाम लगना तय है। मोर्चा ने मेला आयोजन की अनुमति निरस्त कर व्यवस्था दूरस्त करने की मांग की है। विदित हो कि इससे पूर्व गास मेमोरियल मैदान पर भी इसी तरह की शिकायत आई थी, जिसके बाद उक्त मैदान में आयोजन पर दी गई अनुमति निरस्त कर दी गई है।

### वाट्सअप से डीपी हटाया तो मनचले युवकों ने पिता पर किया हमला

**भिलाई।** मनचले युवकों ने प्राणघातक हमला कर फरार होने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 33 हुडको क्वाटर बैकुंठधाम निवासी जयप्रकाश चौहान ने रोजी मजदूरी का काम करता है। कुछ युवक उसकी बेटी के साथ काफी समय से छेड़छाड़ करते आ रहे हैं। बुधवार की शाम को युवक उसकी बेटी का फोटो मोबाइल में एक दूसरे को दिखा रहे थे। पिता ने युवकों को जमकर फटकार लगाई। इसके बाद पिता घर गया और बेटी के वॉट्सऐप की डीपी से फोटो हटा दिया। युवकों को फटकार लगाते हुए ऐसा न करने की हिदायत दी। साथ ही कहा कि मोबाइल से उसकी बेटी की फोटो को हटा दो।

# मरीजों के भटकते परिजनों को मिल रहा 'दाई कोरा' का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दूरवर्ती जिलों से इलाज के लिए डीके और आंबेडकर अस्पताल आने वाले लोगों को रात बिताने दाई कोरा का सुरक्षित सहारा मिल रहा है। कुल 16 बेड की क्षमता वाले इस अस्थायी ठिकाने में रहकर सैकड़ों लोग इलाज के बाद स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं। दाईकोरा का संचालन रेडक्रास सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। दाई कोरा में शुरुआती दौर में कुल दस बेड रखे थे, मगर बेहतर रिस्पांस मिलने पर यहां बिस्तरों की क्षमता बढ़ाकर 16 कर दी गई है। यहां डीके के साथ आंबेडकर अस्पताल से आने वाले मरीज के परिजन सुकून और सुरक्षित तरीके से साथ रात बिता पा रहे हैं। नाममात्र शुल्क में लोगों को कुछ दस्तावेज उपलब्ध कराने पर यह सुविधा आसानी से मिल रही है। दाई कोरा में महिला और पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग कक्ष बनाए गए हैं और उन्हें सुविधा के लिए बिस्तर के साथ आवश्यक सामान रखने के लिए लॉकर की सुविधा चौबीस घंटे उपलब्ध कराई जा रही है। दूर-दराज से इलाज के लिए दो बड़े सरकारी अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी तब और बढ़ जाती है, जब उन्हें विभिन्न तरह की शारीरिक जांच की प्रक्रिया पूरी कराने के लिए एक- दो दिन यहां रुकना पड़ता है। आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होने और अस्पतालों में रात बिताने के लिए पर्याप्त स्थान नहीं होने की वजह से उन्हें काफी दिक्कतें होती हैं, ऐसे लोगों के लिए दाई कोरा सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है।

## कुल 16 बेड की क्षमता, रात बिताने सस्ते में मिल रहा सुरक्षित ठिकाना

### अस्पताल भवन के ऊपर ठिकाना

डीके अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के दो अटेंडरों के लिए भवन के ऊपरी हिस्से में रहने की व्यवस्था की गई है। अटेंडरों की संख्या जब ज्यादा हो जाती है, तो सुरक्षागत कारणों से उन्हें रोक दिया जाता है। वहीं आंबेडकर अस्पताल में अटेंडरों के लिए सुविधा नहीं है, उन्हें अस्पताल में वार्ड के बाहर बरामदे में अपना वक्त गुजारना पड़ता है।






### दान में मिली राशि

राजधानी में रहने वाले एक परिवार द्वारा लोगों की स्वास्थ्य सेवा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी राशि उपलब्ध कराई गई थी। काफी विचार मंथन के बाद जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के पिछले हिस्से में एक भवन का निर्माण कराकर वहां अस्थायी रूप से ठहरने वालों को मूलभूत सुविधा प्रदान की गई। निर्माण के बाद करीब तीन साल पहले दाई कोरा नाम देकर इसका लोकार्पण कराया गया था।

## पहले के बनाये नियमों का पालन नहीं, अब और नया प्रयोग किसलिए

# सदरबाजार, मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने का प्रस्ताव, विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सदर बाजार एवं मालवीय रोड में चारपहिया वाहन प्रतिबंधित करने के प्रस्ताव के विरोध में व्यापारी उतर आए हैं। व्यापारी इस बात को लेकर नाखुश हैं कि यह एरिया एक प्रकार से प्रयोगधर्मी अधिकारियों का ठिकाना बन गया है। पहले जो प्रयोग हुए वह भी जिला प्रशासन व निगम ने ही बनाए थे, लेकिन अपनी ही बनाई व्यवस्था को बनाए रखने में वे असफल रहे। सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था और यह व्यवस्था आज तक निरंतर जारी है, किंतु यातायात पुलिस की उपस्थिति नहीं रहने से यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है।

सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व संगठन स्तर की रैली या जुलूस इस मार्ग से नहीं निकलेगा कहा गया था, यह भी नहीं हो पाया है। व्यापारियों का कहना है, वास्तविकता ये है कि आसपास के मार्गों का यातायात डायवर्ट करने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी को पत्र लिखकर इस प्रकार के किसी निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। श्री मालू ने कहा, मालवीय रोड एवं सदर बाजार शहर का हृदय स्थल एवं प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। इस



प्रकार के प्रयोग से आम जनता, व्यापारियों एवं अन्य सभी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले जब सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया और नियमित यातायात सिपाहियों की ड्यूटी लगती थी, तब तो कभी भी यहां जाम की स्थिति नहीं बनी। व्यापारी, ग्राहक सभी एक दूसरे को नियमों का पालन करने के लिए सहयोग करते हैं। कुछ निजी पार्किंग भी बन गई है, जहां वाहन पार्क किए जाते हैं। श्री मालू ने बताया, पूर्व में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि जयस्तंभ के सराउंडिंग क्षेत्र जो कि व्यावसायिक क्षेत्र है, इसमें सभी प्रकार के राजनीतिक धार्मिक सामाजिक जुलूसों पर प्रतिबंध रहेगा, किंतु कुछ समय से इसकी अनदेखी जारी है एवं प्रशासन द्वारा भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी के साथ रायपुर जिलाधीश व रायपुर पुलिस अधीक्षक को संबंधित पत्र की प्रति भेजकर उस प्रस्ताव को लागू नहीं करने की मांग की है।

### *मालवीय रोड व्यापारी संघ का भी विरोध*

*मालवीय रोड, शारदा चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष तरल मोदी और महामंत्री राजेश वासवानी ने भी प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा, मालवीय रोड सड़क की चौड़ाई सामान्य तौर से भी ज्यादा है। यहां पर ट्रैफिक की व्यवस्था, ऑटो, फुटपाथ पर लगने वाली दुकानें आम, आइसक्रीम के ठेले और जो दुकानदार अपनी सीमा रेखा से बाहर सामान लगाते हैं, उनके कारण समस्या होती है। मालवीय रोड व्यापारी संघ नगर निगम और पुलिस प्रशासन को कई बार आवेदन दे चुका है, इन दुकानदारों पर कार्रवाई करें जो अपना सामान फैलाकर रखते हैं। पिछले चार से पांच सालों में नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने कोई भी कार्रवाई नहीं की है। मालवीय रोड में डिवाइडर बनने के बाद आने और जाने वालों के रास्ते अलग-अलग हैं और कार बैन से कोई फायदा नहीं होने वाला है, उल्टा यहां के व्यापारियों का रोजगार खत्म हो जाएगा।*

# स्वास्थ्य सहायता योजना, फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर होगा प्रतिदिन भुगतान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उपचार की लंबित राशि का भुगतान अब फर्स्ट इन फर्स्ट आउट के आधार पर किया जाएगा। लगातार उठ रहे नाराजगी के स्वर के बीच भुगतान प्रकरणों पर निजी अस्पताल के प्रतिनिधियों से स्टेट नोडल एजेंसी के अफसरों ने चर्चा की। स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों द्वारा किए गए निशुल्क उपचार की लंबित राशि को लेकर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इस बीच शुक्रवार को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं स्टेट नोडल एजेंसी के सीईओ ऋतुराज रघुवंशी सहित अन्य अधिकारियों ने निजी अस्पताल से जुड़े प्रतिनिधियों से चर्चा की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि योजना की प्रक्रिया आसान हो सके इसका ध्यान रखा जा रहा है। मरीजों के क्लेम प्रोसेसिंग रिजेक्शन एवं अन्य तकनीकी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अफसरों ने बताया कि लंबित राशि का भुगतान शीघ्र किए जाने की तैयारी है। इस दौरान क्लेम से संबंधित मामलों का निराकरण जिला और राज्य स्तर की शिकायत निवारण समिति द्वारा निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### *50 हजार से 5 लाख तक इलाज*

*गरीब और जरूरतमंद लोगों को अच्छे एवं आधुनिक अस्पतालों में ईलाज की सुविधा आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना का संचालन किया जा रहा है। राशन कार्ड की श्रेणी के आधार पर हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड के जरिए हर 50 हजार से 5 लाख रूपए तक निःशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है।*

### *2153 करोड़ का क्लेम*

*वर्ष 2023-24 में 2 हजार एक सौ 53 करोड़ रुपए के 15.65 लाख क्लेम के माध्यम से हितग्राहियों द्वारा उपचार लाभ प्राप्त किया जा चुका है। आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाने हितग्राहियों को यूनिक पंजीयन क्रमांक युक्त एक स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जा रहा है। राज्य के 2.17 करोड़ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा चुका है। इसमें शासकीय और निजी मिलाकर कुल 1 हजार 5 सौ 79 अस्पताल पंजीकृत हैं।*

# कुम्हारी-सरोना में ऑटोमेटिक सिग्नलिंग, ज्यादा ट्रेनें चलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रेलवे ने सिग्नल और दूरसंचार के लिए ऑटो सिग्नलिंग से अधिक ट्रेन चलाने के साथ-साथ प्रमुख जंक्शन स्टेशन के ट्रैफिक को नियंत्रित करने में मदद करता है। पहले जहाँ दो स्टेशनों के बीच एक ही ट्रेन चल सकती थी।


अब ऑटो सिग्नलिंग के द्वारा दो स्टेशन की बीच दूरी के अनुसार 4 ,5 ,6 ट्रेने भी आ सकती है। ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था बिना किसी अतिरिक्त स्टेशनों के निर्माण और रखरखाव के ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने की सुविधा देती है। वर्तमान में बिना नई लाईन का निर्माण करे सेक्शन की क्षमता बढाने का यह बेहतर उपाए है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अप्रैल महीने मे ऑटो सिग्नलिंग मे उच्च मापदंड के हर नवीन सोपान को पूरा कर रहा है। जिसमें 14 किलोमीटर आटो सिग्नलिंग काम को पूरा किया है। कुम्हारी से सरोना (7 केमी), बिलासपुर-गतोरा चतुर्थ लाइन (7 केमी) को ऑटो सिग्नल मे बदला गया है। इस कार्य के सम्पन्न होने से नागपुर से सरोना तक ऑटो सिग्नलिंग पुर्ण हो गया है। सरोना से रायपुर भी अगले तीन माह मे पूर्ण कर लिया जाएगा। आने वाले समय में ऑटो सिग्नलिंग व्यवस्था दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे में अधिक मालवाहक ट्रेनों की आवाजाही के कारण देर से चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों पर काफी हद तक विराम लगा सकता है।इस व्यवस्था से एक ब्लॉक सेक्शन में एक से ज्यादा ट्रेनों की आवाजाही तैयार की जा रही है।




■ प्रमुख जक्शन के ट्रैफिक को नियंत्रित भी करेगा

# शोभायात्रा में विवाद, अखाड़े में बुलाकर एक गुट के लड़कों के साथ चाकू-डंडे से हमला









हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र में शोभायात्रा के विवाद पर एक गुट ने दूसरे गुट के लड़कों को चुनौती देकर बैजनाथपारा अखाड़ा में बुलाकर जमकर मारपीट की। मारपीट में दो से तीन लड़कों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। पुलिस के मुताबिक नागेश्वर यादव की शिकायत पर साहिल, अशरफ, इमरान तथा गोलू को गिरफ्तार किया गया है। नागेश्वर ने पुलिस को बताया है कि राम मंदिर के पास उनकी चाय-नाश्ते की दुकान है। रामनवमी शोभायात्रा के दौरान उसका कुछ लड़कों के साथ विवाद हो गया। इसके बाद 25 अप्रैल को साहिल ने नागेश्वर के एक दोस्त को कॉल किया। साहिल ने नागेश्वर के दोस्त को धमकी भरे अंदाज में कहा कि तुम लोग बड़े तेज बनते हो, दम है तो बैजनाथपारा अखाड़ा में आकर दिखाओ। इसके बाद नागेश्वर अपने दोस्त संकेत टांडी, मनोहर सिंह तथा अजीत फूंडे के साथ अखाड़ा पहुंचा।



■ घटना के दूसरे दिन पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया

### *अखाड़े में चाकू के साथ जमकर डंडे चले*

*नागेश्वर ने पुलिस को बताया कि अखाड़ा में बुलाने के बाद साहिल ने अपने अन्य साथियों के साथ उन लोगों के साथ विवाद किया। इसी दौरान साहिल तथा उसके दोस्तों ने उन लोगों को डंडे से पीटने के साथ चाकू से हमला किया। मारपीट की घटना में नागेश्वर तथा उसके साथियों को गंभीर चोटें आई हैं।*

### ब्लास्ट से घायल श्रमिकों का हालचाल जानने पहुंचे राजस्व मंत्री वर्मा

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को राजधानी के नारायणा अस्पताल पहुंचकर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के रवान स्थित अम्बुजा सीमेंट प्लांट के माइंस में सिलेंडर फटने से घायल श्रमिकों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। आज सुबह अंबुजा सीमेंट संयंत्र के माइंस वर्कशॉप में लाइमस्टोन डम्पर रियर सस्पेंसन में काम करते समय ब्लास्ट हो गया। इस ब्लास्ट से छह लोग झुलसे। इन सभी को इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया है। मंत्री श्री वर्मा ने अस्पताल पहुंचकर घायल श्रमिकों राकेश कुमार वर्मा, घमंड ठाकुर शंकर गावडा, सतीश पोटपोड़े, शाहिद शेख और नरेश स्वैन से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों को श्रमिकों के बेहतर इलाज के लिए कहा।

### आरबीआई ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक को लगाया एक लाख का जुर्माना

रायपुर।भारतीय रिज़र्व बैंक ने बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड, बिलासपुर पर नियमों का पालन न करने पर एक लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। आरबीआई के मुताबिक बैंक का वैधानिक निरीक्षण आरबीआई द्वारा 31 मार्च, 2022 को उसकी वित्तीय स्थिति के संदर्भ में किया गया था। आरबीआई के निर्देशों और उस संबंध में संबंधित पत्राचार के गैर-अनुपालन के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को सलाह देते हुए एक नोटिस जारी किया गया था। यह कारण बताने के लिए कि उक्त निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर बैंक के जवाब पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने अन्य बातों के साथ-साथ पाया कि विवेकपूर्ण अंतर-बैंक (सकल) एक्सपोजर सीमा का पालन न करने का आरोप कायम था, जिससे मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया था।


## सात दिनों बाद ही मिल पाएगी मुक्ति, चंद्रा-मौर्या चौक पर चालकों को हो रही परेशानी

# फ्लाईओवर का बदल रहे बेयरिंग, रोज लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

चंद्रा-मौर्या फ्लाई ओवरब्रिज में 21-26 नंबर के पिल्लर में बेयरिंग बदलने और संधारण का काम चलने से रायपुर से दुर्ग दिशा वाली सड़क बंद किया गया है।

आवश्यक संधारण कार्य होने से इसे बंद कर दिया गया है। जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को इससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्ग की ओर जाने वाली सभी तरह की वाहन नीचे सर्विस रोड से होकर निकल रही है। इससे ट्रैफिक पर दबाव बढ़ने से दोपहर व शाम ढलने के बाद वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। सुपेला से चन्द्रा-मौर्या चौक को जोड़ते हुए बने फ्लाईओवर में संधारण काम भी शुरु हो चुका है जो सात दिन तक चलेगा। फ्लाईओवर बन जाने के बाद भारी वाहन यहां से गुजर रहे थे। वहीं स्थानीय हल्के वाहनों के लिए नीचे वाली सड़क का इस्तेमाल होने से ट्रैफिक व्यवस्था में कोई परेशानी नहीं थी। लेकिन फ्लाईओवर के एक तरफ का रास्ता संधारण काम व बेयरिंग बदलने के कारण बंद किया गया है। जिससे वाहन चालको को दिक्कत हो रही है। पावर हाउस, खुर्सीपार और भिलाई तीन के स्थानीय हल्के वाहन चालकों को सुपेला, दुर्ग पहुंचने में घंटे लग रहें है। एक तरफ से बंद फ्लाईओवर के चलते सभी तरह के वाहनों के लिए नीचे वाली सड़क से गुजरना पड़ रहा है।



### गलत दिशा का इस्तेमाल

रायपुर से दुर्ग की दिशा में शाम से लेकर देर रात तक लगने वाले जाम से बचने अनेक कार व बाइक चालक गलत दिशा से होकर गुजर रहें है। दुर्ग से रायपुर की दिशा वाली सड़क पर पावर हाउस से होकर सुपेला की ओर से निकल रहें है। इसी तरह आटो चालक भी अपनी मर्जी के मालिक बन गए है। इसके चलते वाहनों के बीच आमने सामने भिडंत की आशंका बढ़ गई है। हालांकि ट्रैफिक पुलिस लोगों को गलत दिशा से आवाजाही न करने के प्रति सड़क पर तैनात होकर जागरुक कर रही है। लेकिन जाम में घंटों फंसे रहने से बचने स्थानीय वाहन चालक पावर हाउस से सुपेला की ओर गलत दिशा की सड़क का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### ट्रैफिक पुलिस ने किया निरीक्षण



फ्लाई ओवर ब्रिज में चल रहे काम का निरीक्षण करने ट्रैफिक पुलिस की टीम पहुची थी। इसके बाद टीम काम पूरा होने में सप्ताह भर का समय लगने की बात कही है। तब तक रायपुर से दुर्ग की दिशा में फ्लाईओवर बंद रहेगा। इससे नीचे वाली सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने का प्रयास ट्रैफिक पुलिस कर रही है। हादसों को रोकने के लिए सुपेला चौक, चन्द्रा-मौर्या चौक, साक्षरता चौक के पास पर्याप्त बल लगाया गया है।

### जारी है संधारण का काम

सात दिनों तक फ्लाई ओवरब्रिज का काम चलेगा। उसके बाद पहले की तरह ब्रिज से वाहनों की आवाजाही शुरु हो जाएगी। ब्रिज बंद होने के कारण वाहन चालक अपने दिशा पर ही चले। संधारण का काम चल रहा है। **-सतीश ठाकुर,** डीएसपी ट्रैफिक

### गंदगी फैलाने वाले से निगम ने ठोंका जुर्माना

**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई की टीम क्षेत्र में नियम विरुद्ध कार्य अथवा निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है । जोन 2 एवं 4 के टीम ने कचरा फेंकने वाले तथा गंदगी फैलाने वाले से 11000 रुपए दाण्डिक शुल्क वसूल किया है। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम प्रशासन की टीम क्षेत्र में होने वाले नियम विरुद्ध कार्य पर निगरानी रख रही है जोन 4 की राजस्व टीम राजस्व करो कि वसूली करते हुए अद्यौगिक क्षेत्र छावनी पहुंचा तो देखा कि वार्ड 41 में पीडीएस भवन के पास बलजीत सिंह कुर्रे ने सीमेंट के डस्ट से गंदगी फैला रखा रहा है।

खबर संक्षेप



## गंभीर पेट दर्द से पीड़ित व्यक्ति की हुई सर्जरी

दुर्ग। जिला चिकित्सालय दुर्ग में मरीज शंकर लाल देवांगन निवासी मरोदा भिलाई दुर्ग विगत पांच दिनों से गंभीर पेट दर्द की तकलीफ से जुझ रहा था। मरीज आस-पास के क्लीनिक में ईलाज करवा रहा था फिर भी तकलीफ बढ़ती जा रही थी। अंत में जिला अस्पताल दुर्ग में गंभीर अवस्था में 21 अप्रैल 2024 को लाया गया। मरीज को प्राथमिक उपचार करने के पश्चात विशेषज्ञों को पता लगा कि मरीज की आंत फट गया है। सर्जरी विशेषज्ञ एच.ओ.डी. डॉ. सरिता मिंज ने तुरंत ऑपरेशन करने का फैसला किया तथा आपातकालीन में रात्रि को मरीज को ऑपरेशन थियेटर में लिया गया। ओ.टी. इंचार्ज तथा एनेस्थेसिया एच.ओ.डी के द्वारा मरीज को बेहोशी दी गई तथा सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. सरिता मिंज एवं डॉ. कामेन्द्र ठाकुर के द्वारा तीन घंटे तक जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। ऑपरेशन के पश्चात डॉ. अनिल विवेक सिन्हा के मार्गदर्शन में आई.सी.यू. में ईलाज किया गया। ओ.टी. टीम में रमेश महिलांगे, शैनी, मयूरी, नजरीन, शिबेनदानी का योगदान रहा।

## ब्रह्माकुमारीज केलाबाड़ी में समर कैंप 1 से

दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजऋषि भवन केलाबाड़ी दुर्ग के संयोजन में कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थियों के बौद्धिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास लिए 1 से 3 मई तक प्रातः 8 से 10 तक त्रिदिवसीय निःशुल्क ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जो कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए अनूठा है। जिसमें सांगितिक व्यायाम, पेन्टिंग, मूल्य आधारित खेल, एकाग्रता में वृद्धि हेतु ध्यान पद्धति, प्रेरणादायक व्याख्यान एवं चरित्र निर्माण सम्मिलित है। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन ब्रह्माकुमारीज के राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश में किया जा रहा है। शिविर में विद्यार्थियों को विद्यालयीन वेशभूषा में शामिल होना होगा । उक्त समर कैंप में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर ब्रह्माकुमारीज के राजऋषि भवन केलाबाड़ी जमा किया जा सकता है। अंतिम तिथि 30 अप्रैल है ।

## आसाराम के 87 वें अवतरण दिवस पर बांटा शर्बत और चना



दुर्ग। युवा सेवा संघ भिलाई दुर्ग के तत्वधान में संत आसाराम बापू के 87 वे अवतरण दिवस के निमित्त कैंप 2 लिंक रोड भिलाई पावर हाउस में वाले राहगीरों को चने और शर्बत का वितरण किया गया। सभी युवा सेवा संघ और समिति के सदस्यों का सहयोग रहा। साथ ही श्याम नगर के भागवत चंद्राकर और राजा फैंसी वाले मनोज वैश्य का सहयोग रहा। संघ द्वारा बताई गई की संत आसाराम बापू के अवतरण दिवस के निमित्त देश भर में बापू की संगठन द्वारा विश्व सेवा सत्संग दिवस के रूप में मनाई जाती है समिति और संघ द्वारा दुर्ग जिले के 21 जगह पर चना और शर्बत बांटी जा रही है। 29 अप्रैल को बापू के अवतरण दिवस बेलौदी आश्रम दुर्ग में मनाई जाएगी। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ओमप्रकाश साहू ने दी।

# फोन और वीडियो कालिंग से 1295 वोटरों से कह चुके "घर आ जा संगी"

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले से अन्य राज्यों व अन्य जिले में मजदूरी करने गए प्रवासियों से जिला निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी सात मई को वोटिंग के दिन पहुंचने की मिन्नते कराई जा रही है। प्रशासन द्वारा इसके लिए घर आ जा संगी शीर्षक के तहत मार्मिक अभियान छेड दिया गया है। जिले से पलायन कर चुके 1309 प्रवासी में से करीब 1295 से वीडियों और फोन से बात किए जाने के बाद वे वापस लौटने की सहमति भी दे दिए है।

जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान करवाने हेतु विविध पहल किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला दुर्ग से पलायन किये हुए मतदाताओं को मतदान दिवस 07 मई 2024 को घर आकर अपने मतदान केन्द्र में मतदान करने हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री बी.के. दुबे ने बताया कि, इस हेतु 'घर आ जा संगी योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त योजना में 03 जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन तथा 07 नगरीय परिषद एवं नगर पंचायत कुम्हारी, अमलेश्वर, अहिवारा, जामुल, धमधा, पाटन, उत्तई के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्र से पलायन कर दूसरे जिले एवं राज्य में कार्य कर रहे मजदूरों से फोन एवं वीडियो कॉल के माध्यम से संपर्क कर मतदान दिवस पर मतदान करने हेतु अपने गांव घर आने आग्रह किया जा रहा है। अभी तक जिले में 1309 पलायन मतदाताओं से संपर्क किया गया। जिले से 1295 पलायन मतदाताओं ने मतदान दिवस गांव घर आ कर मतदान करने हेतु अपनी सहमति दी है।

### पलायन करने वाले वोट डालने आएंगे अपने घर, अब तक 1295 ने दी अपनी सहमति

**खास बातें**

- आगामी सात मई को होना है जिले में मतदान
- वोटिंग प्रतिशत बढाने जिला प्रशासन ने झोंकी ताकत
- लगातार चल रहा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान

**यहां से गए इतने प्रवासी**

जनपद पंचायत दुर्ग से 45, जनपद पंचायत धमधा से 583, जनपद पंचायत पाटन से 514, नगर पालिका परिषद कुम्हारी से 38, नगर पालिका परिषद अमलेश्वर से 18, नगर पालिका परिषद अहिवारा से 37, नगर पंचायत पाटन से 51 और नगर पंचायत उतई से 9 मजदूरों ने मतदान करने की सहमति दी है। इसके लिए जिला प्रशास द्वारा कर्मचारियें की नियुक्ति की गई है, जो लगातार मतदाताओं से संपर्क साधे हुए है।



**वैवाहिक सीजन भी बन रही बाधा**

इस लोकसभा चुनाव में न सिर्फ मतदाताओं के प्रवासी होना कारण बन रहा है। बल्कि वैवाहिक सीजन भी चलने के कारण मतदाता अपने रिश्तेदारों के यहां चले गए है। हांलाकि दुर्ग में तीसरे चरण का चुनाव होने के चलते उस दौरान कम विवाह होने की उम्मीद जताई जा रही है। लेकिन विवाह के कारण भी मतदान प्रभावित होगा। ऐसे में प्रशासन को पहले कन्यादान फिर बाकी काम संबंधित अभियान चलाना होगा।

### डौंडीलोहारा के 75 प्रतिशत मतदाताओं ने दिखाई लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था

# विवाह की रस्मों के बीच मतदान के लिए निकाला समय, वोट देने के बाद निकली दूल्हों की बारात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में सम्पन्न मतदान के लिए जिले के सभी वर्गो के मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में कुल 75 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रशासन द्वारा किए गए चाक-चौबंद व्यवस्था के फलस्वरूप डौण्डीलोहारा विकासखंड में भी जनधन की हानि के बिना तथा किसी अवरोध के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में जिले में बेहतर मतदान सुनिश्चित कराने के लिए निरंतर जिले के विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने ब्लॉक के मतदान केंद्रों को विभिन्न प्रकार से सजाया गया था, जो लोगों के लिए खासा आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस चुनाव में महत्वपूर्ण बात यह रही कि बड़ी संख्या में नवविवाहिता एवं वर वधू ने भी अपने मतदान केन्द्र में पहुँचकर मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान वर-वधुओं ने विवाह की रस्मों के बीच सर्वप्रथम अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उसके पश्चात वे अपने शादी की रस्म को पूरा करने विवाह मंडप में उपस्थित हुए।

इसी तारतम्य में डौण्डी लोहारा के मतदान केंद्र कामता में निमेष ठाकुर ने अपनी नवविवाहिता पत्नी खुशबू ठाकुर के साथ मतदान केंद्र में उपस्थित होकर मतदान किया। इसी प्रकार खैरकट्टा में कैस कुमार चुरेंद्र पिता उदल राम चुरेंद्र ने अपने बारात के दिन मतदान का राष्ट्रीय धर्म निभाया। उल्लेखनीय है कि इस लोकसभा निर्वाचन के दौरान जिले में बड़ी संख्या में दूल्हों ने अपने मताधिकर का प्रयोग करने के बाद बारात प्रस्थान किया। जो कि उनमें अपने मताधिकर की महत्व की जानकारी तथा लोकतंत्र में उनकी अटूट आस्था को प्रदर्शित करता है।

**मतदान केंद्रों में की गई साज-सज्जा रही आकर्षण का केंद्र**





इस चुनाव में नगर पंचायत प्रशासन द्वारा मतदान केंद्र तक आने जाने में असमर्थ बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने के लिए पुख्ता व्यवस्था की गई थी। इसके अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग रथ की सुविधा का व्यापक प्रचार-प्रसार कर इस सुविधा का लाभ लेने वाले मतदाताओं का पंजीयन किया गया था। इसके अंतर्गत इस सुविधा का लाभ लेने

**दिव्यांग रथ से मिली सुविधा**

के लिए 1950 नंबर में डायल कर पंजीयन कराने वाले 80 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग मतदाताओं को उनके घर से मतदान केंद्र तक आने-जाने के लिए वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। इस सुविधा का डौण्डीलोहारा में अच्छा प्रतिसाद मिला। इसके माध्यम से जिले के बड़ी संख्या में बुजुर्ग मतदाताओं को घर से मतदान केंद्र तक आने जाने के लिए वाहन की सुविधा कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं के लिए शुद्ध पेयजल, बैठक तथा वेटिंग रूम आदि की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान संगवारी मतदान केन्द्रों के संचालन की जिम्मेदारी मिलने पर जिले के मतदान कर्मी बहुत ही प्रसन्नचित एवं उत्साहित नजर आ रहे थे।

# लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

लघु उद्योग भारती दुर्ग इकाई के पूर्व अध्यक्ष तथा स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे तथा पवन बडजात्य छत्तीसगढ़ प्रांत के पूर्वक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य द्वारा लघु उद्योग भारती की स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। लघु उद्योग भारती की स्थापना के उद्देश्यों को संबोधित करते हुए उद्यमियों एवं अन्य कुटीर उद्यमियों को इसमें शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उद्यमियों व्यापारियों समाजसेवी संगठनों एवं अन्य ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, विशेष रूप से एवं प्रमुखता से छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा दुर्ग जिला सराफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश सॉखला, नेमी भंडारी, मांगीलाल सोनी, आकाश पारख, महावीर लोढ़ा, नवनीत जैन, राजमल बोथरा,मनीष लोढ़ा, दिनेश भाई शाह,भैरु बाघमार एवम दुर्ग जिला ज्वेलरी मेकिंग कारीगर संघ के सदस्य भी शामिल रहे।

**नोटा में सर्वोत्तम विकल्प की होगी चूक**

इस अवसर पर एवं आगामी मतदान को ध्यान में रखते हुए तथा संघ प्रमुख द्वारा सितम्बर में विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय 'भविष्य का भारतः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दृष्टिकोण, व्याख्यान माला के अंतिम दिन लोगों के सवालों के जवाब देते हुए कहा था। नोटा में हम लोग सर्वोत्तम को भी किनारे कर देते हैं और इसका फायदा सबसे बुरा उम्मीदवार ले जाता है।

## एक दिवसीय निःशुल्क शिविर थनोद में कल

दुर्ग। बच्चों में शील–सदाचार बढ़ाने तथा उन्हें मन से मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय आनापान ध्यान शिविर का आयोजन किया गया है। विपश्यना केंद्र थनोद दुर्ग में 28 अप्रैल को सुबह 8 बजे से डेढ़ बजे तक आयोजित इस शिविर में 8 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चे हिस्सा ले सकेंगे। बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ाने और उन्हें मन से मजबूत बनाने के लिए आयोजित यह शिविर निशुल्क है।

# जिले के बीस ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरी का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिले के करीब डेढ दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य शुरू नही हो सका है। जिसके चलते ज्यादातर मजदूर दूसरे जिले व राज्य मजदूरी के चले गए है। हांलाकि जिले के 304 ग्राम पंचायत में से 284 पंचायत में कार्य भी कराए जा रहे है। जिसके लिए कार्य भी जारी किए जा रहे है।

मनरेगा के तहत चल रहे कार्य इन दिनों ग्रामीण मजदूरों के रोजगार का सहारा बना हुआ है। जिले के 304 में से 284 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत विभिन्न प्रकार के कार्य चल रहे है। इनमें 57 हजार 400 ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मुहैया हो रहा है, जिले में मनरेगा तहत चल रहे कार्यो के लिए 880 मस्टर रोल जारी किए गए हैं। जिले के धमधा जनपद पंचायत क्षेत्र के 119 ग्राम पंचायतों में से 117 में तालाब गहरीकरण, नाला जिर्णोद्धार, कच्ची नाली निर्माण, समतली करण सहित विभिन्न प्रकार के कार्य चल रहे हैं। जहां इन कार्यों के लिए जारी किए गए 348 मस्टर रोल में 22 हजार 586 ग्रामीण मजदूर कार्यरत है, इसी प्रकार पाटन जनपद पंचायत क्षेत्र के 112 में से98 ग्राम पंचायतों में मेनरेगा के तहत अनेक प्रकार के कार्य कराए जा रहे है। इन कार्यों में 19 हजार 718 ग्रामीण मजदूरों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों चल रहे इन कार्यों में कुल 291 मस्टर रोल जारी किए गए है।



**दुर्ग जनपद में पन्द्रह हजार लाभान्वित**

दुर्ग जनपद पंचायत क्षेत्र के 73 में से 69 ग्राम पंचायतों में चल रहे मनरेगा के कार्यो में 241 मस्टर रोल जारी किए गए है। क्षेत्र में मनरेगा के तहत चल रहे विभिन्न कार्यों में आज की तिथि में 15 हजार 96 ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मुहैया हो रहा है। बारिश के पहले मिट्टी के कार्य पूरा करने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में इन दिनों मनरेगा

## मतदान केंद्रों में होगी पूरी व्यवस्था

दुर्ग। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेश पर नगर पालिक निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देशानुसार शहर क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों जैसे कि आदर्श, संगवारी मतदान केंद्रों का मतदान केंद्रों में आज आदर्श एवं संगवारी मतदान केंद्र का निर्माण करने के लिए बोरसी शासकीय स्कूल, पोटियाकला शासकीय स्कूल, सुराना कॉलेज, जेआरडी स्कुल, सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल, गयाबाई स्कूल इत्यादि जगहों पर पिंक बूथ व्यवस्था के नोडल अधिकारी शुभम गोईर ने शोएब अहमद, कर्मशाला अधीक्षक, कुमारी प्रिंसी शर्मा, सहायक बूथ व्यवस्था इत्यादि के साथ निरीक्षण किया गया। मतदान प्रकिया में मतदातों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसको विशेष ध्यान देकर कार्य कराया जा रहा है।

# मतदान केन्द्रों में प्रसाधन एवं कूलर की व्यवस्था करें-निगम आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर आज नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों का आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि गर्मी का विशेष ध्यान रखते हुए पेयजल, छाँव में बैठक की व्यवस्था के साथ कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्वाचन एवं मतदान केंद्रों की तैयारियों से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि, गर्मी में मतदाताओं को परेशानी ना हो। मतदाताओं के लिए पेय जल, छांव वाले स्थान, महिला पुरुष के लिए अलग अलग प्रसाधन एवं कूलर की व्यवस्था किए जाएं। शहरी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, नारायण सिंह यादव,भुवनदास साहू आदि मौजूद रहें।

**निशुल्क परिवहन सुविधा मिलेगी**

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा कि, इसी प्रकार मतदान केन्द्रों पर आश्रित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, शमियाना शेड, शौचालय की सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैम्प और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष व्यवस्थित करने को कहा। दिव्यांग एवं 80 प्लस आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था, मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं 80 प्लस आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा होगी।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के इलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने किया छाछ वितरण

**बालोद।** बाबा महिला मंडल एवं आखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में पुराना बस स्टैंड, हनुमान मंदिर के सामने निःशुल्क छाछ का वितरण किया गया।

### भाजपा के कर्मठ नेता थे मदन जैन : मनीष झा

**डौंडी।** अपने जीवन काल में भाजपा पार्टी के लिए समर्पित होकर पार्टी में जान फूंकने वाले समाजसेवी मदन जैन अपने जीवन के अंतिम समय में भी भाजपा को वोट देकर मतदान के दिन ही चल बसे। 26 अप्रैल की रात 8:30 बजे उनका आकस्मिक निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार शनिवार को नगर के मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में जैन समाज के अध्यक्ष सुभाष ढेलडिया, व्यापारी संघ अध्यक्ष गज्जू सोनी, अशोक खटोड साथ ही भाजपा के नेता यशवंत जैन, राकेश यादव, लाल निवेन्द्र टेकाम, लाल कौशल टेकाम, मनीष झा, दिनेश अग्रवाल, बसंत जैन, हिंसा राम साहू पदाधिकारी व कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। भाजपा मंडल डौंडी के ब्लाक अध्यक्ष मनीष झा ने मदन जैन का इस तरह चले जाने को पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए इस दुख की घड़ी में परिवार को ईश्वर द्वारा आत्मशक्ति प्रदान करने प्रार्थना की। ज्ञात हो कि वर्ष 1980 के दशक से मदन जैन डोंडी ब्लाक में भाजपा पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कार्यरत थे। उस दौर में पार्टी के लिए झंडा, बैनर का खर्च स्वयं उठाकर वे कार्यकर्ताओं को पार्टी हित में जोड़ते चले आ रहे थे। उन्होंने क्षेत्र में भाजपा पार्टी को पैदा किया और तन, मन, धन से समर्पित होकर पार्टी के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहे। इस दौरान वे डोंडी नगर पंचायत के उपाध्यक्ष भी रहे। मदन जैन के दो पुत्र विजय और विशाल हैं वे राजेंद्र, विजेन्द्र और शलेन्द्र नाहर के जीजा थे।

### टी-20 मैच प्लेट कंबाइंड रायपुर ब्लू व बीएसपी



**भिलाई।** सीएससीएस द्वारा आयोजित सीनियर टी-20 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत शुक्रवार खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 बिलासपुर ब्लू विरुद्ध प्लेट कंबाइंड परिणाम प्लेट कंबाइंड ने यह मैच 8 विकेट से जीता। दूसरा मैच रायपुर ब्लू विरुद्ध महासमुंद परिणाम रायपुर ब्लू ने यह मैच 23 रन से जीता। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रायपुर टीम बीएसपी विरुद्ध दुर्ग परिणाम बीएसपी मैच 7 विकेट से जीता। टीम रायपुर विरुद्ध बिलासपुर परिणाम रायपुर ने 35 रन से जीता।

### 5 हाई रिस्क गर्भवती का हुआ सिजेरियन

**दुर्ग।** डॉ कृष्ण कुमार डहेरिया स्त्री एवं प्रसूति रोग सर्जन ने बताया कि, 5 गर्भवति माताओं को गंभीर प्रकृति के हाई रिस्क थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम एवं जिला नोडल अधिकारी ( मातृ स्वास्थ्य) डॉ अर्चना चौहान के मार्गदर्शन में बीएमओ पाटन के नेतृत्व में फील्ड से हाई रिस्क गर्भवती माताओं की ट्रैकिंग कर सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के तहत कार्य किया जा रहा है। विभिन्न उपस्वास्थ्य केंद्रों के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सुपरवाइजर, मितानिनो से सक्रिय सहयोग से हाई रिस्क गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर विशेषज्ञों के परामर्श से क्रियान्वयन किया जा रहा है। ओपरशन में एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ अंकिता बोधनकर, प्रदीप सिन्हा, हेमलता वर्मा, अनिता जोशी, रूपा सिन्हा, जितेंद्र निर्मलकर, गिरिवर ,गीतांजलि साहू, माधुरी , लक्ष्मी , शीतल,हमर लैब टीम सरस्वती वर्मा, रमेश, एवं ब्लड स्टोरेज टीम श्वेता भारद्वाज, सुनीता वर्मा आदि स्टाफ के संयुक्त सहयोग से कार्य संपादित किया गया।

# भगवान दया और करुणा के सागर, जहर देने वाली पुतना का भी किया उद्धार : पं. निरंजन

## ग्राम बोरई में चल रहा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

जब तक हम अपने जीवन में मन से असत्य को हटाकर शास्वत सत्य को अंगीकार नही करेंगे, हमारी जीवन की पूंजी बढ़ने वाली नही है। सद्पुरुषार्थ बढ़ने वाला नही है और आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त होने वाला नही है। सतसंग से, चिंतन से, भगवान के नाम से और सद्गुरु की कृपा से जीवन में सत पुरुषार्थ बढ़ता है। भक्ति की सत्ता स्वतंत्र है और उस स्वतंत्र सत्ता को प्राप्त करने का माध्यम सत्संग है। बिना सत्संग के प्राणी पावन नही हो सकता।

उक्त बातें भगवताचार्य स्वामी संत निरंजन महराज लिमतरा आश्रम ने ग्राम बोरई में दीपक यादव परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित भागवकथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह में कही। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मनुष्य जीवन का जीते जी मुक्ति प्रदान करने वाली है। जीवन में जब कामनाओं की पूर्ति नही होती तो क्रोध होता है, क्रोध से मूढ़ भाव जन्म लेता है, मूढ़ भाव से स्मृति खत्म हो जाती है, स्मृति के नाश होने से बुद्धि बिगड़ जाती है और बुद्धि बिगड़ने से विवेक खो जाता है। मनुष्य अपने जिंदगी से गिर जाता है और मनुष्य का सर्वनाश हो जाता है। कलियुग का प्रभाव पड़ते ही राज परीक्षित जिसका परखा हुआ जीवन था, के साथ भी यही हुआ। अर्थात जीव ही परीक्षित है और काल तक्षत। जीवन में जब अपराध बोध होता है तो सुखदेव जी महाराज का प्रादुर्भाव होता है और भगवत मार्ग प्रशस्त हो जाता है और मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है।

### भागवत प्रेमी काल से भयभीत नहीं होता

जैसे सपेरे सर्प से भय नही खाता वैसे ही भागवत प्रेमी काल से भयभीत नहीं होता। काल के भय से मुक्त हो जाना ही मुक्ति है। भागवत रुपी अमृत पीकर कोई मरता नही है, चढ़ता है। जीवन के सच्चाई को प्राप्त करता है, भौतिकता में भटकता नही सार्थक सत्य को स्वीकार करता है, जिससे जीव धन्य हो जाता है।



### ईश्वर प्रेम के भूखे

बीज रुपी परमात्मा का ध्यान निर्गुण भाव से करें या सगुण भाव से तत्व तो वही है, मूल में वही है। अतः दोनों में कोई भेद नही है। ईश्वर प्रेम के भूखे हैं उनके शरण जो गये जो अर्पण किये सब स्वीकार किये। जहर परोसने वाली पुतना का भी उद्धार कर देते हैं, जगत कल्याण का भाव जिसके अंदर आ जाता है वो भगवान को प्रिय हो जाते हैं। दान, दया, धर्म , परमार्थ चरित्र, चिंतन ऐसे अप्रकटित गुणों से भरे जीव ही मनुष्य कहलाने योग्य होते हैं। संसार से प्राप्त संसाधनों का संसार के हित के लिए अर्पण कर देना ही मनुष्यता है।

## अवैध शराब : शराब दुकानें बंद होने के बाद भी जिले में खूब छलके जाम

# चुनाव पर शुष्क दिवस का कोचियों ने उठाया फायदा, 300 में बेची 90 रूपए की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में लोकसभा चुनाव होने से 24 से 26 अप्रैल तक शुष्क दिवस घोषित किया गया था, जिसके कारण तीन दिनो से शासकीय शराब दुकानें बंद थीं। इसका लाभ उठाते हुए अवैध शराब विक्रेताओं ने जिले में लूट मचा दी। 90 रुपए का पौवा 300 रुपए से अधिक में बेचा गया।

जिले में एक ओर लोकसभा चुनाव संपन्न हो रहा था, वहीं जिले में शादी ब्याह का सीजन भी चल रहा था। इन दिनों विवाह समारोहों में शराब सेवन आम बात हो गई है। लेकिन लोगों को शासकीय दुकानों से शराब नहीं मिल रही था, जिसके कारण अवैध शराब विक्रेताओं ने इस चुनाव के बीच शुष्क दिवस होने का पूरा फायदा उठाया। जिले के सभी क्षेत्रों में अवैध शराब विक्रेताओं ने शराब को मनचाहे दामों पर खुले आम बेचा, जो बिक भी रहा था। अवैध शराब विक्रेताओं ने इसके लिए पहले से ही तैयारी कर स्टाक जमा कर रखा था। प्रशासन इसके प्रति लगातार उदासीन बना रहा। दावा किया जाता है कि अवैध शराब विक्रेताओं द्वारा भारी मात्रा में शराब क्रय करने व स्टाक करने की जानकारी के बाद भी कोई बड़ी कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़ा कर रहा है।

### तिगुने से अधिक दाम पर बिकी शराब



देशी के साथ अंग्रेजी शराब के दामों में बेतहाशा वृद्धि देखने को मिली। जिले के गुरुर नगर सहित ब्लाक के फागुनदाह, पलारी, पुरुर, कंवर, अरकार, सांगली, सनौद, हसदा, बालोद ब्लाक के जगन्नाथपुर सांकरा, नगर के पाररास, पाण्डेपारा, जवाहरपारा, बुधवारी बाजार सहित दर्जन भर स्थानों, सांकरा क, करहीभदर, क्षेत्र में जहां देशी शराब का प्लेन पौवा 300 रूपये में तथा अंग्रेजी का गोवा पौवा 400 रूपये में बिक रहा था, जिसको लोग खरीद भी रहे थे। वहीं, प्रशासनिक अधिकारी चुनाव व्यवस्था में संलग्न थे, जिसके कारण बेधड़ शराब की बिक्री की गई। हीरामन सोरी ने बताया कि बीते गुरुवार की रात गुण्डरदेही में देशी प्लेन का पौवा 250 से 300 रूपये में खरीदना पड़ा। वहीं, गोवा की शराब रात में शादी घर के नजदीक में 400 रूपये पौवा के हिसाब से बिक रहा था। वहीं, आगामी मतगणना दिवस पर नगर पालिका परिषद बालोद स्थित देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान एवं विदेशी मदिरा दुकान को 4 जून को पूर्णतः बंद रखने के आदेश जारी किया गया है।

# खम्हरिया में आज कर्मा महोत्सव का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम खम्हरिया में तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण द्वारा कर्मा जयंती-महोत्सव समारोह आज 28 अप्रैल को ग्राम बाजार चौक खम्हरिया (धनोरा) में भक्त माता कर्मा की 1008वीं जयंती मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ पुरई एवं स्थानीय साहू समाज खम्हरिया के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। वहीं आज 28 अप्रैल को प्रातः 9 से 11 बजे दीप प्रज्जवलित एवं ध्वजारोहण, माता कर्मा की पूजा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम 11:30 बजे से, दोपहर 1 बजे अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन व सम्मान, शाम 5 बजे भक्त माता कर्मा की महाआरती एवं राष्ट्रगान समापन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व गृहमंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष साहू संघ ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नंदलाल साहू, अतिविशिष्ट रमशीला साहू पूर्व मंत्री, जागेश्वर साहू, पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश, डॉ. दयाराम साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तलिपि बोर्ड, राजेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष जिला सह. केंद्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, लक्ष्मी यशवंत साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, खिलावन सिंह साहू कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहूकार संघ, राजेश साहू, कृष्णा प्रसाद साहू, दिव्या कलिहारी, यतीश साहू आदि होंगे।



■ प्रदेश के कोने-कोने से जुटेंगे सामाजिक बंधु

# छात्रों ने सीखा कैसे होता है एसडी कार्ड वीडियो शूटिंग

## हायर सेकंडरी स्कूल अण्डा के छात्रों ने पूरा किया इंटर्नशिप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

हायर सेकेंडरी स्कूल अण्डा में सत्र 2023-24 में व्यवसायिक पाठ्यक्रम मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट के कक्षा 11वीं और 12वीं के 34 बच्चो ने इंटर्नशिप किया। विद्यार्थियों ने अण्डा के प्रिया स्टूडियो के संचालक संजय साहू से प्रशिक्षण प्राप्त किया। व्यवसायिक प्रशिक्षक सुश्री दामिनी साहू के नेतृत्व में जो भविष्य में बच्चों के रोजगार के लिए सहायक होगा तथा स्टायफंड 1300 रुपए प्रति विद्यार्थियों को वितरण किया गया। इस दौरान छात्रों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। जो भविष्य में उनके रोजगार के लिए सहायक होगा । इंटर्नशीप में छात्रों ने फोटोग्राफी, वीडियो एडिटिंग, विडियो मेकिंग, फोटो प्रिंटिंग, शादी कार्ड, फोटोशाप साफ्टवेयर यूज कर फोटो एडिटिंग करना, पासपोर्ट साईज फोटो बनाना, पी.सी.आई.एम में सेट करना, एस.डी कार्ड वीडियो शूटिंग आदि के बारे में जाना। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान स्कूल के प्राचार्य श्रीमति सीमा जाम्बुलकर एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक सुश्री दामिनी साहू उपस्थित थे।

# निःस्वार्थ सेवा की मिसाल हैं दीनदयाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

आज के इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में कोई एक-दूसरे को पूछने वाला नहीं है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे बिरले लोग भी हैं, जो आज भी इंसानियत को जिंदा रखे हुए हैं। हम बात कर रहे हैं ब्लॉक से 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सेम्हरडीह के 60 वर्षीय दीनदयाल निषाद की जो कांकेर लोकसभा क्षेत्र के डौं डी लो हा रा तहसील के मतदान केन्द्र क्रमांक 21 के अंतर्गत आते है। दीनदयाल के द्वारा लो क स भा , विधानसभा एवं पंचायत चुनाव सभी में सेवा देने वाले गैर राजनीतिक व्यक्ति एवं समाजसेवी हैं जो पिछले लगभग 25 वर्षों से गांव के समस्त ऐसे बुजुर्ग जो मतदान केंद्र तक स्वयं चलकर पहुंचने में असमर्थ हैं। ऐसे औसतन 15 बुजुर्गों को व्हीलचेयर में अकेले ही बैठा कर क्रम से मतदान केंद्र तक लाते हैं एवं घर तक सम्मान पूर्वक स्वयं पहुंचाते हैं। वे बिना जात-पात के व बिना भेदभाव के निस्वार्थ भाव से सेवा देते हैं, वर्षों पहले व्हीलचेयर नहीं था तो वे अपनी पीठ पर लादकर लाते ले जाते थे। ग्राम के शिक्षक बलदेव यादव ने बताया कि दीनदयाल गांव में किसी के यहां भी शोक कार्यक्रम में स्वप्रेरणा से बिना किसी अपेक्षा के पूरी शिद्दत से साथ देते हैं ।



■ 25 सालों से असमर्थ बुजुर्गों को मतदान केन्द्र तक लाते-ले जाते हैं

# विधायक ललित ने दुर्ग के भाजपा प्रत्याशी विजय के लिए मांगा वोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

विधायक ललित चन्द्राकर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में इन दिनों जोर-शोर से प्रचार में जुटे हैं। श्री चन्द्राकर ने क्षेत्र के ग्राम पिसेगांव, अछोटी, विनायकपुर, आमटी, निकुम, तिरगा, झोला, खांडा, बिरिझर, चंगोरी, थनोद में पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच वाले कई ऐसे निर्णय हैं जिनके कारण हमारा देश आज आत्मनिर्भर बन चुका है। कई ऐसे विकास कार्य हैं जिनकी कल्पना भी हम नहीं कर सकते थे। जनहित की ऐसी कई योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति का भी उत्थान हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। इसलिए आप सभी भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को जिताकर पुनः सांसद बनाइए। इस अवसर पर जिला मंत्री व विधानसभा सहसंयोजक रोहित साहू जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष चंद्रशेखर बंजारे, शिव कुमारी वैष्णव, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, सरपंच गुलाब बाई, महिला मोर्चा अध्यक्ष यामिनी हरमुख सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 15 मई से होगा विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग

# बालोद में प्रदेशभर से जुटेंगी दुर्गावाहिनी की छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ का प्रांत स्तरीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का 7 दिवसीय आयोजन पहली बार बालोद शहर में होने जा रहा है। जिसकी तैयारी के लिए विहिप, मातृशक्ति व बजरंग दल के पदाधिकारी लगे हुए हैं। 15 मई से 21 मई तक आयोजित होने वाले इस बड़े आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रांत के अलग-अलग जिलों से दुर्गावाहिनी की छात्राएं शामिल होने बालोद पहुंचेंगी, जिनके रुकने व भोजन की व्यवस्था की गई है। बालोद जिला विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राज सोनी, मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू ने बताया कि संगठन के कार्यों में दुर्गावाहिनी की बहनों की बड़ी भूमिका है। इस विषय को ध्यान में रखकर बहनों के शारीरिक व मानसिक दृष्टि से सक्षम बनाने के लिये यह आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रांत के मंत्री विभूति भूषण पांडे द्वारा जारी पत्रक में छतीसगढ़ प्रांत दुर्गावाहिनी की प्रांत संयोजिका रंजीता दास, सह संयोजिका पूजा जैन, मंजूषा पाटले, प्रीति दुबे इस वर्ग में आएंगी व इनकी उपस्थिति में बहनों को योग, राष्ट्रीय विचारों की शिक्षा सहित आत्मरक्षा के लिए तलवार चलाने व दंड चलाने सहित कराते का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

■ बहनों को योग, राष्ट्रीय विचारों की शिक्षा सहित आत्मरक्षा के लिए तलवार व दंड चालन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**समापन अवसर पर होगा भव्य पथ संचलन-** दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग की समापन तिथि 21 मई को बालोद शहर में पहली बार बहनों का पथ संचलन जिलेवासियों को देखने को मिलेगा, जहाँ दुर्गावाहिनी की बहने राष्ट्रवादी संस्कारो व दंड व तलवार के साथ पैदल पथ संचलन करेगी, जो ऐतिहासिक आयोजन होगा व इसके लिए बालोद शहर को सजाया जाएगा, वही भव्य स्वागत भी किया जाएगा, इसकी भी तैयारी की जा रही है। विहिप संगठन के प्रमुख पदाधिकारी जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राज सोनी, जिला उपाध्यक्ष चौलेश देशमुख, जिला सत्संग प्रमुख बोधन भट्ट, सहमंत्री महेंद्र सोनवानी, गुरुर शहर कार्यकारी अध्यक्ष राकेश साहू, बजरंग दल के उमेश सेन, शहर सह संयोजिका पद्मिनी साहू व मातृशक्ति पुनिता मिश्रा, योगिता साहू, धारणी निषाद, खिलेश्वरी साहू, उषा साहू, बेबी ओझा, योगिता शर्मा, पूनम साहू सहित अन्य सदस्यों ने बैठक कर आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया व समिति का गठन किया।



### संस्कार शाला में होगा वर्ग

बालोद शहर के मुख्य मार्ग में संचालित संस्कार शाला भवन में लगभग 200 बहनों के रुकने की व्यवस्था संगठन की देखरेख में होगा। वहीं वर्ग पूर्णतः आवासीय होगा व वर्ग का पूरा संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इसके लिए सुरक्षा व गर्मी को देखते हुए बहनों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सुविधा की भी व्यवस्था की जाएगी।

